## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज शाम थम जाएगा दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर। आठ सीटों पर मतदान छब्बीस अप्रैल को।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रचार के लिए राजनैतिक दलों ने झोंकी ताकत। जनसभा, रोड–शो के माध्यम से कर रहे अपनी पार्टी को वोट देने की अपील।
- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों पर सौ प्रत्याशियों में होगी भिड़ंत। आखिरी दिन चार प्रत्याशियों ने लिए नाम वापस।
- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र। कल नामांकन पत्र दाखिल करने की है अन्तिम तिथि।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोर आज शाम छः बजे थम जायेगा। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में कुल इक्यानबे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण में होने वाले चुनाव में अलीगढ़ की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद सतीश गौतम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन ने पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र उपाध्याय उर्फ बंटी को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर 11 अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। पेश है हमारी प्रतिनिधि की रिपोर्ट......

***अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र में सात विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें खैर, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़ और इगलास शामिल हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 27 लाख 5 9 हजार 215 मतदाता हैं। इनमें 14 लाख 70 हजार 644 पुरुष मतदाता, 12 लाख 88 हजार 435 महिला मतदाता और 136 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इस सीट पर भाजपा के सतीश कुमार गौतम 2019 के लोकसभा चुनाव में 6 लाख 56 हजार 215 वोट पाकर सांसद बने थे। उन्होंने दो लाख से ज्यादा मतों से बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर अजीत बालियान को हराया था। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर सांसद सतीश गौतम को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन से पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह मैदान में हैं। वह यहां से एक बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रह चुके है और इगलास विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुके हैं। वहीं बसपा ने इस सीट पर पहले गुफरान नूर को मैदान में उतारा था लेकिन बाद में उनका टिकट काटकर हितेंद्र उपाध्याय उर्फ बंटी को प्रत्याशी बनाया है। इस बार के चुनाव में रालोद, भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है, जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा। सभी दल अपने प्रत्याशियों के समर्थन में तेजी से चुनाव प्रचार करने में लगे हुए हैं। रजनीश सिंह, आकाशवाणी समाचार, अलीगढ़।***

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत चुनाव प्रचार में झोंक दी है। जनसभा, रैली और रोड शो के माध्यम से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख प्रचार में जुटे हैं। भाजपा, बसपा और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में अपनी पार्टी के लिये चुनाव प्रचार किया।

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कल गौतमबुद्ध नगर जिले में पार्टी उम्मीदवार महेश शर्मा के लिए प्रचार किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के भ्रष्टाचार के केंद्र के रूप में पहचान वाला नोएडा आज राज्य में कारोबार का केंद्र बन चुका है। डबल इंजन की सरकार ने अपराधियों की कमर तोड़ दी है। उत्तर प्रदेश अब आपराधिक रिकॉर्ड के लिए नहीं बल्कि निवेश, एक्सप्रेस वे और कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अलीगढ़ और हाथरस से सपा–कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों बिजेंद्र सिंह और जसवीर बाल्मीकि के लिए अलीगढ़ जिले में रैली की। उन्होंने जनता से नफरत फैलाने वाले लोगों के खिलाफ वोट करने की अपील की।

मेरठ जिले के सिवाल खास इलाके में होने वाली अखिलेश यादव की एक और रैली आखिरी वक्त में रद्द हो गई। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रत्याशी और मशहूर अभिनेता अरुण गोविल के लिए रोड शो किया। उन्होंने पहले दिन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा और बागपत जिलों में रैलियों को संबोधित किया। श्री योगी ने लोगों से विकसित और सुरक्षित देश के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भी पार्टी प्रत्याशी देवब्रत त्यागी के समर्थन में मेरठ जिले में एक रैली को संबोधित किया। अलग राज्य का सियासी दांव खेलते हुए मायावती ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाएगी और मेरठ में भी हाईकोर्ट की एक शाखा लाने की कोशिश करेगी।

**********

एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास की निर्धारित सीट पर ही यात्रा करने दें। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरलाइंस को ये सुनिश्चित करने को कहा है। डीजीसीए के बयान के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनमें 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा

अभिभावकों के पास सीट नहीं मिली है। बयान में कहा गया है कि मौजूदा हवाई परिवहन परिपत्र को उपयुक्त रूप से संशोधित कर दिया गया है।

**********

प्रदेश में तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव में सौ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमायेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नाम वापसी के अंतिम दिन कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए। संभल, फतेहपुर सीकरी, बदायूं और बरेली में एक–एक प्रत्याशी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संभल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से बारह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, हाथरस निर्वाचन क्षेत्र से 10, आगरा से 11, फतेहपुर सीकरी से नौ, फिरोजाबाद से सात, मैनपुरी से आठ, एटा से 10, बदायूं में 11, आंवला से नौ और बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन 10 लोकसभा सीटों के लिए सात मई को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये तेरह लोकसभा सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। प्रत्याशी सम्बन्धित जिला मुख्यालयों पर अपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। इस क्रम में शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी अरुण सागर ने कल अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद और जेपीएस राठौर मौजूद रहे। वहीं कन्नौज लोकसभा सीट से कल भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी उम्मीदवार ललित कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी यादवेन्द्र किशोर ने नामांकन दाखिल किया।

धौरहरा सीट के लिये सपा से आनंद भदौरिया, भाजपा से रेखा वर्मा, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार और आम जनता पार्टी इंडिया से आशुतोष पाठक ने कल अपना नामांकन दाखिल किया। वही खीरी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने कल पुनः नामांकन किया।

चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी, 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में 13 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। इस दौरान श्री शाह वाराणसी के पांच विधानसभा क्षेत्रों के करीब पांच हजार पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्षों से लोकसभा चुनाव में अब तक हुई तैयारियों की जानकारी भी लेंगे। गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री भी मौजूद रहेंगे।

भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी के अनुसार, कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद श्री शाह तुलसी उद्यान में वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा क्षेत्र के लगभग 50 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इनमें कोर कमेटी, चुनाव संचालन कमेटी, प्रदेश कमेटी और शीर्ष पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में चिलचिलाती धूप और गर्मी से जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने आज लखीमपुर खीरी, बहराइच, गोंडा, बस्ती, सुल्तानपुर, वाराणसी समेत कई अन्य जनपदों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 26 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********

प्रदेश भर में कल हनुमान जयंती श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के माहौल में मनायी गयी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सुबह से ही मंदिरों में जाकर श्रीहनुमान जी का दर्शन–पूजन कर मंगल कामना की। जयंती के उपलक्ष्य में लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर, अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर सहित वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम स्थित हनुमान विग्रह की विशेष साज–सज्जा एवं आराधना की गयी।

**********